मुझे राधारमण तेरो सहारा

मुझे राधारमण तेरो सहारा,
चले आओ.. नहीं तुम बिन गुजारा,
मुझे राधारमण तेरो सहारा।।

चैन मिल जायेगा बेचैनियों को,
दर्श दिखला दो फिर से दोबारा,
चले आओ.. नहीं तुम बिन गुजारा,
मुझे राधारमण तेरो सहारा।।

मुझको बरबस डुबो दो राम रस में,
और दिखलाओ ना कोई किनारा,
चले आओ.. नहीं तुम बिन गुजारा,
मुझे राधारमण तेरो सहारा।।

मैं भिखारी तुम्हारे द्वार का हु,
मांगता हु सदा तेरा ही द्वारा,
चले आओ.. नहीं तुम बिन गुजारा,
मुझे राधारमण तेरो सहारा।।

तुमको राधारमण हरपल निहारु,
मेरी नज़रों को दो ऐसा नज़ारा,
चले आओ.. नहीं तुम बिन गुजारा,
मुझे राधारमण तेरो सहारा।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25004/title/mujhe-radharaman-tero-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |